अनौपचारिक-पत्र

अनौपचारिक-पत्र के आरम्भ में लिखे जाने वाले आदरपूर्वक शब्द, अभिवादन व समाप्ति में किन शब्दों का प्रयोग करना चाहिए-

	संबंध	संबोधन	अभिवादन	समापन
1	**अपने से बड़े आदरणीय संबंधियों के लिए-**	पूजनीय, पूज्य, आदरणीय, आदि।	सादर चरणस्पर्श, सादर प्रणाम, सादर नमस्कार आदि।	आपका बेटा, बेटी, पौत्र, पौत्री, नाती, नातिन, भतीजा आदि।
2	**अपने से छोटों या बराबर वालों के लिए-**	प्रिय, चिरंजीव, प्रिय मित्र आदि।	मधुर स्मृतियाँ, सदा खुश रहो, सुखी रहो, आशीर्वाद आदि।	तुम्हारा मित्र, तुम्हारा हितैषी, तुम्हारा शुभचिंतक आदि ।

अनौपचारिक-पत्र का प्रारूप-

(पत्र लिखने वाले का पता)

………………

दिनांक ………………

………………

संबोधन ………………

अभिवादन ………………

पहला अनुच्छेद ………………. (कुशल-मंगल समाचार)

दूसरा अनुच्छेद ………. (विषय-वस्तु-जिस बारे में पत्र लिखना है)

तीसरा अनुच्छेद ……………. (समाप्ति)

………………

पत्र प्राप्त करने वाले के साथ पत्र भेजने वाले का संबंध

पत्र भेजने वाले का नाम …………….

उदाहरण ---

प्र-1- अपनी बहन को पत्र लिखकर योगासन करने के लिए प्रेरित कीजिए।

परीक्षा भवन,

अ. ब. स. विद्यालय

क.ख.ग. शहर

दिनांक-9 नवंबर,2020

प्रिय रीमा,

सदा खुश रहो !

मैं यहाँ कुशल हूँ, आशा है वहाँ पर भी सभी कुशल होंगें। अभी-अभी मुझे पिता जी का पत्र प्राप्त हुआ और उनसे घर के सभी समाचार ज्ञात हुए। साथ ही साथ यह भी पता चला कि तुम्हारा स्वास्थ्य कुछ ठीक नहीं है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखा करो।

तुम्हें तो पता ही है कि पहला सुख स्वस्थ शरीर को कहा जाता है। इसके लिए आवश्यक है कि तुम हमेशा योगासन किया करो। योग एक ऐसा माध्यम है जो शरीर को स्वस्थ रखने में महत्पूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए मैं तुम्हें यही सलाह दूँगा कि तुम नियमित रूप से योगासन किया करो जिससे तुम्हारा शरीर चुस्त और फुर्तीला हो जाएगा l

आशा करती हूँ कि तुम मेरी इस सलाह को मानोगी तथा अपने जीवन में योग को महत्त्व दोगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि तुम जल्द ही स्वस्थ हो जाओगी। माता-पिता को प्रणाम और भाई को मेरा प्यार देना।

तुम्हारा भाई

क.ख.ग. (अपना नाम)

प्र-2- आप का नाम विनोद / पारुल है आप शास्त्री नगर दिल्ली में रहते हैं अपनी बहन की शादी के लिए अपने मित्र को निमंत्रण पत्र लिखें -

शास्त्री नगर,

दिल्ली।

दिनांक -9-11-2020

प्रिय राहुल,

सदा खुश रहो ।

मैं यहाँ कुशल हूँ, आशा है वहाँ पर भी सभी कुशल होंगें। तुम्हें यह जानकर बड़ी खुशी होगी कि मेरी बहन रूचि का विवाह दिसंबर 10 को तय हुआ है। आप इस समारोह में सादर आमंत्रित है। बारात रोहिणी दिल्ली में 10 दिसंबर को 8.00 बजे आएगी । दीदी के पति एक डाक्टर हैं। वह स्वभाव से बहुत अच्छे हैं । मैं अपने सभी दोस्तों को अपनी बहन के विवाह समारोह में बुला रहा हूँ।

मैं आशा करता हूँ कि तुम इस विवाह समारोह में अपने परिवार के साथ जरूर आओगे। अंकल और आंटी को मेरी तरफ से प्रणाम कहना। दीपक को मेरा प्यार देना। मुझे तुम्हारी प्रतीक्षा रहेगी।

तुम्हारा मित्र

विनोद।